रविवासरीय
हिन्दुस्तान
रविवार
1 जून 2025, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO, 04, MIDDLE RIGHT

# अस्थि रोगों के प्रति विशेषज्ञों ने चेताया

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स में अस्थि रोग विशेषज्ञों ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी दी। इंडियन आर्थोस्कोपी सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस पहले कोर्स आईएएस वन के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता डॉ.राजीव रमन ने व्याख्यान दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने युवाओं में फास्ट ड्राइविंग के प्रति बढ़ते रुझान और इससे होने वाले हादसों की स्थिति को गंभीर बताया।



विशेषज्ञ चिकित्सकों का एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति स्वागत करते हुए।

आर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख प्रोफेसर ( डॉ. ) संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स की जानकारी दी। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ.राहुल ने किया। एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स आईएएस वन' में डॉ. राजीव रमन, डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनीत जैन, डॉ. धनंजय रावत, डॉ. समीर वर्मा, डॉ. पुनीत अग्रवाल, डॉ. जफर इकबाल, डॉ. नीरज प्रजापति, डॉ. रोहिल मेहता ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और बदलावों पर व्याख्यान दिया।